# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।

धरित्र विकास भवन साबुन गली अकबरपुर-224122 eeupjn.cdambedkarnagar@gmail.com

पत्रांकः- 6135 / विविध-09 / 77 दिनांक-24/07/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषयः-** सोशल मीडिया में प्रकाशित शीर्षक **"आलापुर में जल जीवन मिशन की टंकी बनी पानी नहीं"** पाइप लाइन और टोटियां नहीं लगी,ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पेयजल का लाभ के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपरोक्त सोशल मीडिया को प्रकाशित शीर्षक **"आलापुर में जल जीवन मिशन की टंकी बनी पानी नहीं"** पाइप लाइन और टोटियां नहीं लगी,ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पेयजल का लाभ की आख्या निम्नवत है-

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|---|
| 1. | अंबेडकरनगर के आलापुर तहसील क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टंकियां तैयार होने के बावजूद ग्रामीणों को पेयजल का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सैखौलिया, अनापुर, मदुआना और नगदहा सहित कई गांवों में घरों तक न तो पाइपलाइन बिछाई गई है और न ही टोटियां लगाई गई हैं, जिससे योजना का उद्देश्य अधूरा रह गया है। सैखौलिया ग्राम पंचायत के गिरिजा प्रसाद पांडे, राजेश कुमार, दिनेश कुमार, मनोज कुमार, सुरेश कुमार, अजीत कुमार, जय राम यादव, महेश प्रसाद यादव, राकेश कुमार यादव और तिलकधारी यादव सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की टंकी तो बन गई है, लेकिन पाइपलाइन और टोटियां न होने के कारण एक बूंद पानी भी घरों तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पाइप ही नहीं बिछाए गए हैं तो जलापूर्ति कैसे होगी। ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के कार्यों में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि कई अन्य गांवों में भी इसी प्रकार की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों ने शीघ्र पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर में टोटी लगाने की मांग की है, ताकि योजना का लाभ लोगों तक पहुंच सके। इस संबंध में जल जीवन मिशन के प्रभारी अमन कुमार मौर्य से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। हालांकि, कई बार कॉल करने के बावजूद उनका फोन रिसीव नहीं हुआ, जिससे उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। वहीं, गोविंद साहब मंडल अध्यक्ष, विनय पांडे ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि संबंधित गांवों में जल्द से जल्द पाइपलाइन और टोटियां लगवाकर जलापूर्ति शुरू कराई जाए, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। | सादर अवगत कराना है कि डिजिटल समाचार पत्र दैनिक भास्कर में उक्त प्रकाशिक खबर ब्लाक रामनगर के अनवापुर पेयजल योजना से सम्बन्धित है योजना पर 26 किमी0 पाइप लाइन के सापेक्ष 18 किमी0 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है । योजना पर पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल एवं शिरोपरी जलाशय का कार्य 90% पूर्ण कर लिया गया है । वर्तमान में योजना निर्माणाधीन है शेष कार्य पूर्ण कर अक्टूबर 2026 तक जलापूर्ति आरम्भ कर दिया जाएगा ।ब्लाक रामनगर अन्तर्गत जल जीवन मिशन की 60 नग पेयजल योजनाओं में से 21 नग पेयजल योजनाओं को O&M में प्रेषित किया जा चुका है । 08 नग पेयजल योजनाए ट्रायल एण्ड रन में एवं शेष 31 नग पेयजल योजनाएं निर्माणाधीन है। |

**सलंग्क-स्थलीय निरीक्षण फोटो ग्राफ संलगन**

भवदीय

(कमला शंकर)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः-**

**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1-जिलाधिकारी महोदया अम्बेडकरनगर।

2-मुख्य विकास अधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।

3-मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) लखनऊ।

4-अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अयोध्या।

**अधिशासी अभियन्ता**

Scanned with OKEN Scanner